मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-638**
**24/09/2026**

# पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना, 24 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 7 सर्कुलर रोड स्थित आवास जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने एक माह का वेतन का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ ने भी मुख्यमंत्री को अपने एक माह के वेतन का चेक सौंपा।

मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने श्री नीतीश कुमार को राज्य में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति और किये गये राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी और विचार–विमर्श किया।

******